हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 विधायक और कलेक्टर ने कन्या महाविद्यालय का किया निरीक्षण



13 घाटकवाली में सामूहिक पहल से अतिक्रमित भूमि पर 1500 ....





# राइस मिलर्स से मिल रहा घटिया चावल, बार-बार गुणवत्ता जांच में हो रहा फेल

## नान ने 4930 क्विंटल चावल को किया रिजेक्ट, मिलर्स ने अब तक जमा किया है 1915 लाट चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राइस मिलर्स द्वारा सरकार को घटिया चांवल सप्लाई किया जा रहा है। पिछले अनेक वर्षों से लाखों क्विंटल रिजेक्ट चांवल खप चुका है। इस वर्ष जिले में नागरिक आपूर्ति निगम के क्वालिटी इंस्पेक्टर और अधिकारियों द्वारा चावल की जांच की जा रही है। मापदंड में खरा नहीं उतरने वाले चावल को रिजेक्ट कर मिलर्स को वापस किया जा रहा है। नान के अधिकारियों ने मिलर्स को मानक के अनुसार चावल जमा करने कहा है। इसके बावजूद मिलर्स मापदंड के मुताबिक चांवल जमा नहीं कर रहे हैं। कस्टम मिलिंग में अब तक 4930 क्विंटल चावल रिजेक्ट कर दिया गया है। रिजेक्ट किए गए चावल में टूटन की मात्रा ज्यादा और पालिश की मात्रा कम पायी गयी है। इस संबंध में नान के प्रबंधक ने बताया कि मिलर्स ने अब तक 1915 लाट चावल जमा किया है। यह चावल 5 लाख 55 हजार 350 क्विंटल है। इसमें से अब तक 11896 लाट का स्वीकृत किया है। बाकी का बचा हुए 19 लाट अमानक है। एक लाट में 290 क्विंटल चावल आता है। उल्लेखनीय है कि जो चावल मिलर्स के द्वारा जमा किया जाता है। उसे पीडीएस सिस्टम के तहत इस साल गरीब और सामान्य परिवारों को दिया जाएगा। बारिश के बीच रिजेक्ट चावल को फिर से लाना और उसकी मिलिंग कर फिर उसे वापस जमा करना इन दिनों मिलर्स के लिए मुसीबत बना हुआ है।



### 14 प्रतिशत नमी से अधिक अशुद्धियां नहीं पाई जानी चाहिए

कस्टम मिलिंग के लिए यह है मानक भारतीय खाद्य निगम द्वारा तय मापदंड का पालन मिलर्स नहीं है। इनमें 25 प्रतिशत,14 प्रतिशत पालिश,14 प्रतिशत नमी से अधिक अशुद्धियां नहीं पाई जानी चाहिए। क्वालिटी इंस्पेक्टर को प्रत्येक बारे के चावल की जांच करनी होती है। 10 प्रतिशत या इससे अधिक चावल के बोरों के बीच से बंबू कर सेंपल लेते हैं। टूटन का कारण धान में अधिक नमी और बार-बार चावल की लोडिंग और अनलोडिंग होना है। नान के प्रबंधकों के द्वारा इस समय करपावंड, घाटलाहेंगा, केशलूर और जगदलपुर के वेयर हाउस में की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### जावेद और अनुराग को मिली नई जिम्मेदारी

**जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार पीसीसी महामंत्री संगठन एवं प्रशासनिक मलकीत सिंह गैदू ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान एवं प्रदेश आईटी सेल,सोशल मीडिया के प्रदेश को-आर्डिनेटर अनुराग महतो को बस्तर संभाग का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। दोनों युवा नेता सोशल मीडिया टीम को सक्रिय एवं गठन में कार्य करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी शादाब अहमद ने दी है।

### प्रदेश अध्यक्ष के पदभार में पहुंचे बस्तर के नेता



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के अध्यक्ष आलोक ठाकुर के पदभार कार्यक्रम में बस्तर से प्रदेश प्रतिनिधि छबीलेश्वर जोशी, जिला अध्यक्ष महेंद्र सेठिया, महामंत्री जितेंद्र सठिया,योगेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष नानगुर रमेश सेठिया सम्मिलित हुए ।

### ननि ने आदेश लिया वापस हर जगह बिकेंगी गणेश प्रतिमाएं



**जगदलपुर।** शहर में गणेश प्रतिमाओं की बिक्री के लिए कृषि उपज मंडी में दुकानें लगाने का आदेश नगर निगम ने वापस ले लिया है। महापौर संजय पांडे ने कहा कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए नगर निगम को आदेश वापस लेना पड़ा।

### हेमन्त पांडे बनाए गए परिमंडल सचिव



**जगदलपुर।** रायपुर में भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ छत्तीसगढ परिमंडल का आयोजन राष्ट्रीय महासचिव दिनेश राय के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि योगेश दत्त मिश्रा अध्यक्ष छत्तीसगढ श्रम कल्याण मंडल बोर्ड व बृजेश मिश्रा बीएमएस जिलाध्यक्ष रायपुर उपस्थित थे। जिसमे राजेश गुरूदान बिलासपुर अध्यक्ष व हेमन्त कुमार पांडे जगदलपुर को सचिव बनाया गया।

### कार्रवाई करने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन



**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने बस्तर एसपी को एक मांगपत्र सौंपते हुए आंगनबाड़ी में मासूम बच्ची मुस्कान महिलांगे की मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व विभागों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। आम आदमी पार्टी नेता समीर खान ने कहा कि महिला बाल विकास और शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ। मृतक बच्ची के परिवार को न्याय, मुआवजा और सरकारी सहायता मिलनी चाहिए। यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आम आदमी पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करेगी। इस दौरान शुभम सिंह,जिला अध्यक्ष,राकेश कश्यप, आरती पटनायक समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गांव की खुशहाली, पशुओं व ग्रामीणों को रोग, महामारी से बचाने देवी का आव्हान

# कांडा कंकालिन देवी को सेवा अर्जी देकर मांगी गई नयाखानी मनाने अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर अंचल में ऐसे तो पूरे वर्षभर किसी न किसी नाम पर पर्व मनाने की प्रथा है। इन्ही पर्वों में एक नवाखाई भी पूरे धूमधाम से बस्तर अंचल में मनाया जाता है। प्रति वर्ष ग्रामीण भादो माह के शुरूआत में नवाखाई का पर्व मनाते है जिसके लिए देवी का आव्हान किया जाता है। गांव की सुख समृद्धि, पशुओं व ग्रामीणों को रोग व महामारी से बचाने तथा नवाखाई मनाने व देवी से अनुमति मांगी जाती है। बस्तर के आदिवासी सीमित साधनों के बीज अपना गुजर-बसर करते हैं। उनकी माटी, उनकी मनोरम प्रकृति उन्हें जो भी देती है वे उसे खुशी से स्वीकार कर लेते हैं। वर्षों से चली आ रही इन्हीं परम्पराओं का निर्वहन करने बस्तर के बिरनपाल में कचरा परगना के 82 गांव के प्रमुख व ग्रामीणों ने एकजुट होकर देव मिलन जात्रा मनाया गया। इस दौरान जनता में किसी प्रकार के रोग, प्रकोप, महामारी, कष्ट, फसलों में कीट पतंग, पशुओं में होने वाले रोग से बचाने व गांव की सुख शांति के लिए देवी कांडा कंकालिन का आव्हान किया गया और नवाखाई की अनुमति मांगी गई। ग्राम बिरनपाल वर्षों से

■ कचरा परगना के 82 गांव के प्रमुख व ग्रामीण बिरनपाल में हुए एकजुट, मनाया देव मिलन जात्रा






रूढ़िगत जन्य प्रथा से संचालित होती भादो जातरा में कचरा पार्टी परगना के 82 गांवों के ग्रामीण जनता जिम्मेदारी आया कांडा कंकालिन के ⏭ शेष पेज 12 पर

### जात्रा के बाद नवाखाई की शुरुआत देवी का आव्हान कर दी गई बलि

प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले नवाखाई पर्व से पूर्व देव मिलन जात्रा का आयोजन किया गया। इस जात्रा के उपरांत तिथि अनुसार अलग अलग गावों में नवाखाई मनाने की पारम्परिक प्रथा है। यह जात्रा परगना के प्रमुख माझी, चालकी. पेरमा, माटी पुजारी. पटेल, सिरहा, गुनिया के सहभागिता से सम्पन्न की जाती है। इस अवसर पर गांव के जनता मे किसी प्रकार के रोग. प्रकोप. महामारी कष्ट एवं फसलों में कीट पतंग. पशुओं में खुर. व अन्य बीमारी के चपेट से बचाव और गांव में सुख, शांति व आपसी प्रेम की बेहतरी के लिए बोहरानि किया जाता है। जिसमें हर घर से दोना में चावल और किसानी सम्बन्धित वस्तुओं को बोहरानि में सम्मिलित किया जाता है। इस अवसर पर परम्परागत रूप से प्रचलित सेवा अर्जी में पशु की बलि दी जाती है यह जात्रा ग्राम बिरणपाल के कांडा कंकालिन ग्राम गुड़ी में आयोजित की गई।

## दिनभर आसमान मेघमय रहा देर शाम हुई झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



अंचल में दिनभर आसमान मेघमय रहा,वर्षा का असर नहीं रह,देर शाम को एकाएक बारिश हुई। कुछ समय तक झमाझम वर्षा के बाद बूंदाबांदी में तब्दील हुई। इधर मौसम विज्ञान केंद्र ने पूर्वानुमान जारी करते वायुमंडल में अलग-अलग सिस्टम की जानकारी साझा की है। सिस्टम की वजह से आगामी घंटों में प्रदेश में फिर से बारिश के आसार है।

■ कम दबाव के क्षेत्र के साथ द्रोणिका की वजह से पानी गिरा

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानी एचपी चंद्रा के अनुसार पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में बना निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इससे जुड़ा ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है और ऊँचाई के साथ दक्षिण की ओर झुक रहा है। अगले 24 घंटों के दौरान इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और उसके बाद धीरे-धीरे कमजोर होने की संभावना है। इसके अलावा औसत समुद्र तल पर मानसून की द्रोणिका बीकानेर, जयपुर, ग्वालियर, प्रयागराज, उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश और उसकेआसपास के निम्न दबाव क्षेत्र के केंद्र, पुरुलिया, दीघा से होकर दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है।अगले 48 घंटों के दौरान ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों से दूर उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक नया निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। मौसम विभाग रायपुर द्वारा जारी पूर्वानुमानः के अनुसार प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

### एक दो स्थानों पर भारी वर्षा

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते जानकारी दी है,कि प्रदेश में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा तथा मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने तथा एक-दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

## बाइक से गांजा तस्करी कर रही उतराखंड की युवती गिरफ्तार, साथी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



नगरनार पुलिस ने एक युवती को ओडिशा से गांजा लेकर उतराखण्ड जा जाने के दौरान बार्डर चेकिंग में पकड़ लिया है। युवती से सवा लाख का गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि पुरूष एवं महिला मोटर सायकल में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर ओडिशा से जगदलपुर की ओर परिवहन कर रहा है। सूचना पर टीम ग्राम धनपुंजी फारेस्ट नाका एनएच 63 मेनरोड के पास पहुंचकर नाकाबंदी कर ओडिशा की ओर से आने वाले वाहनों की जांच कर रही थी। जांच के दौरान टीव्हीएस विक्टर मोटर सायकल में एक पुरुष एवं महिला आते दिखाई दिए। पुलिस की नाकाबंदी को देखकर मोटर साइकल चालक युवक पीछे बैठी महिला को छोड़कर झाड़ियों का फायदा उठाकर जंगल की और भाग गया जिसकी पता तलाश किया गया लेकिन वह नहीं मिला। मोटर सायकल के पीछे बैठी महिला को महिला स्टाफ के साथ पकड़कर पूछताछ करने पर उसने अपना नाग कुमारी पूजा गुप्ता पिता महेश गुप्ता निवासी वार्ड नंबर 2 गली आदर्श प्रिंटिंग प्रेस गली नंबर 1 रूद्रपुर केम्प थाना ट्रांजिट कैम्प रुद्रपुर जिला उधमपुर उत्तराखंड की रहने वाली बताई। आरोपिया के मोटर सायकल के सीट कवर को चेक करने पर 1 पैकेट एवं आरोपियों के द्वारा पहने रेनकोट के अंदर अपने शरीर में बांधकर ⏭ शेष पेज 12 पर

■ नगरनार पुलिस ने सवा लाख का गांजा व बाइक किया जब्त

## छतीसगढ़ की रेत जा रही आंध्र व तेलंगाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुकमा जिले का रेत आंध्रप्रदेश और तेलंगाना भेजे जाने के मामलें में पत्रकारों ने सुकमा कलेक्टर देवेश ध्रुव को ज्ञापन देकर रेत माफिया पर कड़ी कार्रवाई की मांग की हैं। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कहा गया हैं कि रेत तस्करी मामले का कवरेज करने गए चार पत्रकारों को साजिश पूर्वक फंसाया गया था। जिसके चलते उन्हें 25 दिनों तक जेल की यातना सहनी पड़ी थी।अब रेत माफिया फिर से सक्रिय हो चुके हैं। इस अवैध रेत परिवहन को रोकने की मांग कलेक्टर से की गई है।

### जगह-जगह कालोनियों और गलियों में कचरों का ढेर

## स्वच्छता अभियान के बाद भी लोगों में जागरुकता का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

महापौर संजय पांडे ने स्वच्छता में नम्बर वन लाने और इंदौर की तर्ज पर देश का सबसे खूबसूरत शहर बनाने पूरे दमखम के साथ जुटे हैं। बारिश के पूर्व महापौर की अगुवाई में शहर के विभिन्न वार्डो में स्वच्छता जागरुकता के लिए निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्यगण एवं भाजपा पार्षदो, निगम आयुक्त एवं पूरी टीम के साथ घर-घर एवं दुकानों में पहुंचकर आमजनों, व व्यापारियों एवं सभी वर्ग के लोगो को स्वच्छता अभियान में सहयोग करने का समर्थन मांगा। इस दौरान सांसद महेश कश्यप,भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव भी महापौर की टीम को सहयोग करने सडकों पर उतरे। अभियान ⏭ शेष पेज 12 पर

■ नालियां कचरे से जाम, बदबू से लोग परेशान



### नियम विरुद्ध मलबा जमा होने पर होगी कार्रवाई

शहर के विभिन्न कालोनियों में भवन निर्माण के दौरान भवन मालिक और ठेकेदार को निर्माण नियमो का पालन करना होगा। यदि निर्माण के दौरान मलबा सड़क किनारे जाम किया गया है, तो ऐसे लोगो से जुर्माना वसूला जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।
- संजय पांडे, महापौर

### जांच में मिले 670 क्षय रोगी, महारानी अस्पताल में किया वितरण

# टीबी मरीजों को दिए गए पौष्टिक आहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू की गई निक्षय मित्र के तहत सोमवार को महारानी अस्पताल में टीबी के नगर निगम क्षेत्र के 140 मरीजों को पौष्टिक आहार किट का वितरण सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव, महापौर संजय पाण्डे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी के मरीजों को दवा के साथ-साथ पोषण प्रदान कर इस बीमारी से लड़ने में मदद करना है। पूरे जिले में कुल 670 टीबी मरीजों को चिन्हित किया गया है।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि निक्षय मित्र ऐसी सकारात्मक पहल है, जिसमें जनभागीदारी के माध्यम से टीबी के समूल उन्मूलन की भावना निहित है। कोरोना के समय भारत के नेतृत्व के कारण ही आबादी की तुलना में बहुत कम जनहानि हुई। इसके साथ ही पूरे विश्व को सहायता भी पहुंचाई गई। इस दौरान विधायक किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा टीबी मरीजों की चिंता करते हुए इस कार्यक्रम को प्रारम्भ किया, ताकि टीबी मरीजों को टीबी से लड़ने की अतिरिक्त शक्ति मिल सके। यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। टीबी रोग से लड़ने में पौष्टिक आहार की बहुत अधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। महापौर संजय पांडे ने कहा कि क्षय रोग से लड़ने का निर्णय प्रधानमंत्री ने लिया। यह बीमारी कहीं न कहीं अस्वच्छता से जुड़ी है। इस बीमारी से लड़ने के लिए शासन जहां दवाइयां उपलब्ध करा रही है, वहीं प्रधानमंत्री की पहल पर पौष्टिक आहार उपलब्ध करवा रहे हैं। हम सभी के संकल्प से टीबी मुक्त नगर होगा। कार्यक्रम में रेडक्रॉस के वरिष्ठ पदाधिकारी मनीष गुप्ता ने कहा कि दाल, तेल, मिलेटस दूध पाउडर सहित पोषक आहार निक्षय मित्रों के माध्यम से दिए जा रहे हैं। इस अवसर पर नगर निगम के सभापति खेमसिंह देवांगन, महापौर परिषद के सदस्य, पार्षदगण सहित जनप्रतिनिधिगण, नगर निगम के आयुक्त प्रवीण वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक, महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद, रेडक्रॉस के प्रभारी अलेक्जेंडर चेरियन सहित बड़ी संख्या में रेडक्रॉस के सदस्य, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं निक्षय मित्रों के सहयोग से लाभान्वित मरीज उपस्थित रहे।

## शतरंज में रियांश नेशनल में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कोरबा में आयोजित अंडर 19 राज्य स्तरीय जूनियर फीडे रेटेड शतरंज टूनार्मेंट में जगदलपुर के रियांश चटर्जी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता 8 राउंड में खेली गई । जिसमें रियांश ने 6 मैच जीते एक बराबरी पर छूटा और एक मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस प्रकार 8 में साढ़े छै अंक रियांश को प्राप्त हुए। अब रियांश अंडर 19 की शतरंज टीम में प्रदेश का प्रतिनिधित्व नेशनल में करेंगे। यह बस्तर के लिए गौरव की बात है। रियांश की यह उपलब्धि अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणादायक है। उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ जगदलपुर बल्कि पूरे बस्तर संभाग के खिलाड़ियों में ऊर्जा का संचार करेगी और खिलाड़ी आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। जिला ⏭ शेष पेज 12 पर

■ राज्यस्तरीय टुर्नामिंट में दूसरा स्थान हासिल किया

## खबर संक्षेप

### बेटी की उम्र की युवती पर आया दिल, शक में कर दी हत्या

**मगरलोड।** पति के जेल जाने के बाद महिला का प्रेम संबंध अपने पिता की उम्र के व्यक्ति से बन गया। वह व्यक्ति महिला पर किसी और दूसरे व्यक्ति से संबंध होने का शक करता था। इसी शक के चलते शनिवार की रात उसने महिला को चाकू से गोदकर मार डाला। घटना करेली बड़ी पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम हसदा की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यहां पुष्पा मारकंडे उम्र 30 साल अपने तीन साल के बच्चे के साथ रहती थी। पुष्पा का पति एक साल से जेल में है। शनिवार की रात गांव का ही रहने वाला जगन्नाथ जांगड़े उम्र 67 साल पिता करिया जांगड़े उसके घर पहुंचा और अपने पास रखे चाकू से उसकी हत्या कर दी। हत्या की जानकारी जब पुष्पा के भाई ललेश बंजारे को हुई तो उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। आरोपी ने पुष्पा के तीन साल के बच्चे पर भी हमला किया है। घायल बच्चे का इलाज चल रहा है। इस घटना में सबसे ज्यादा सजा बच्चे को मिली है। उसका पिता तो पहले से जेल में बंद है।

### केरेगांव परिक्षेत्र में दो हाथी कर रहे विचरण

**नगरी।** 24 अगस्त की सुबह लगभग 7:14 बजे धमतरी वनमंडल के केरेगांव परिक्षेत्र अंतर्गत छुही क्षेत्र में हाथियों की उपस्थिति दर्ज की गई। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो हाथियों का दल (बीबीएमई 1-जीबीएमई1) इस समय कक्ष क्रमांक 143 में देखा गया है। इस दौरान मकान व जनहानि की कोई सूचना नहीं है, किंतु जोगीडीह और छुही ग्राम के कुछ खेतों में फसल क्षति (कुल 4 खेत) दर्ज की गई है। वन विभाग ने छुही, सलोनी, साल्हेभाठ, भालूचुवा, बनबगौद, बाजार कुर्रीडीह, झुरातराई, बरबांधा, डोंगरीपारा, बगबुडा पारा, पीपरछेड़ी (दोनों पारा) और बासीखाई सहित आसपास के ग्रामीणों से सावधान रहने की अपील की है।

# दिव्यांग बच्चों के लिए फरसगांव में लगा आंकलन शिविर, 35 बच्चों का हुआ पंजीयन

## मेडिकल बोर्ड ने किया स्वास्थ्य परीक्षण, दी गई सहायक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

विकासखंड स्तरीय आकलन शिविर कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा जिला कोडागांव के निर्देश पर द्वितीय चरण का आकलन शिविर सोमवार को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय फरसगांव में दिव्यांग बच्चों का आकलन शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बच्चों का प्रमाण पत्र मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच कर बनाया गया। इस शिविर में कुल पंजीयन 35 बच्चे के साथ पालक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। जिसमे से 33 लोगों को जिला चिकित्सालय रेफेर किया गया। 2 लोगो का प्रमाण पत्र बनाया गया। इस शिविर में प्राथमिक माध्यमिक हाई हायर सेकेंडरी स्कूलों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों का मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच किया गया इस शिविर में दिव्यांग बच्चों का जिला मेडिकल बोर्ड के द्वारा सर्जरी स्पीच थेरेपी फिजियोथैरेपी का चिन्हांकन किया गया ।

इस आकलन शिविर में दिव्यांग बच्चों मानसिक मंदता किट सामग्री एवं सहायक उपकरण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में जिला मेडिकल बोर्ड डॉ रुद्र कश्यप एवं डॉ ख्याति साक्षी नेत्र विशेषज्ञ, डॉ गोपाल टंडन नेत्र सहायक संकल्प लोनहरे उपस्थित रहे।



### इनका रहा अहम योगदान

*कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला कलेक्टर नूपुर पन्ना राशि, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, जिला मिशन समन्वयक ईमल बघेल, सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा एस आर मरावी एवं खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम तारम, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी उदित सोनी, खंड स्त्रोत समन्वयक अशोक कुमार मरकाम, बीआरपी भास्कर वर्मा, बीआरपी समावेशी शिक्षा शुभांगी देवांगन, सौम्य देवांगन, स्पेशल एजुकेटर अतुल सिंगरौल, अटेंडर लिसा एवं समस्त संकुल समन्वयको की उपस्थिति एवं सहयोग रहा ।*

## बैठक लेकर व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

# विधायक और कलेक्टर ने कन्या महाविद्यालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी की अध्यक्षता में आज शासकीय कन्या आदर्श आवासीय महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के गठन के संबंध में बैठक संपन्न हुई।

विधायक सुश्री लता उसेंडी और कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बैठक में शैक्षणिक गतिविधियों, स्टाफ की उपलब्धता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। महाविद्यालय की अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए, दोनों अधिकारियों ने प्राचार्य को व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए। विधायक सुश्री उसेंडी ने महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निर्देश दिए। वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए विशेष जोर दिया गया। छात्रावास में साफ–सफाई के लिए सफाई कर्मी की व्यवस्था करने और पानी की आपूर्ति की समस्या को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए। छात्रावास में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेडिकल टीम भेजने और एनीमिया जांच के लिए निर्देश दिए गए। छात्राओं के लिए पढ़ाई पूरी होने के बाद रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्लेसमेंट कैंप आयोजित करने का निर्देश दिया गया। बैठक और निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरपति पटेल, जनपद उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, प्राचार्य और शिक्षकगण उपस्थित रहे।



### कंप्यूटर लैब और ग्रंथालय का निरीक्षण

कंप्यूटर लैब का निरीक्षण कर छात्राओं के कंप्यूटर ज्ञान का मूल्यांकन किया गया। कंप्यूटर शिक्षक को छात्राओं को बेहतर प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। 6 खराब कंप्यूटरों की शीघ्र मरम्मत के लिए प्राचार्य को निर्देशित किया गया। ग्रंथालय का निरीक्षण कर उपलब्ध पुस्तकों की जानकारी ली गई। छात्राओं को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया।

### कलेक्टर लाइवलीहुड कॉलेज व वृद्धाश्रम पहुंचे



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज लाइवलीहुड कॉलेज के नए बने बालक छात्रवास भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचे हुए सभी काम 30 अगस्त तक पूरे कर भवन को जल्द से जल्द सौंप दिया जाए। कलेक्टर ने 100 सीटों वाले इस छात्रवास भवन का निरीक्षण किया, जो लगभग पूरा हो चुका है। इस भवन से दूर–दराज के क्षेत्रें से आने वाले छात्रें को रहने की अच्छी सुविधा मिलेगी। उन्होंने छात्रवास से मुख्य सड़क तक पहुँचने के लिए सड़क निर्माण कार्य को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद, श्रीमती पन्ना वृद्धाश्रम गईं और वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बुजुगोंर् से बात कर भोजन, रहने और खेल की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित संस्था को बुजुगोंर् की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्री–मेट्रिक कन्या छात्रवास का भी निरीक्षण किया और दोनों भवनों की मरम्मत और बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए कार्ययोजना बनाने को कहा। उन्होंने साफ–सफाई और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को ठीक रखने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर कांग्रेस का हल्ला बोल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

- कोंडागांव कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी ने निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली के खिलाफ कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन अपर कलेक्टर चित्रकान्त चार्ली ठाकुर को सौंपा गया। ज्ञापन में सरस्वती शिशु मंदिर, कोंडागांव पर आरोप लगाया गया कि विद्यालय ने एक बच्ची का दाखिला लिए बिना ही पालक से 6500 रुपये वसूल किए।

पालक द्वारा राशि वापस मांगे जाने पर विद्यालय के प्राचार्य योगेश वर्मा ने फीस लौटाने से इनकार कर दिया, जिसे कांग्रेस ने पूरी तरह अनुचित बताया। जिला कांग्रेस कमेटी ने मांग की कि जिले में संचालित सभी निजी स्कूलों की अवैध वसूली की जांच की जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो।

### जल्द होगा निजी स्कूलों का भंडाफोड़ : कांग्रेस

*कांग्रेस ने घोषणा की कि पार्टी का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही निजी विद्यालयों का दौरा कर ऐसे स्कूलों का भंडाफोड़ करेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, जिला प्रभारी महामंत्री रितेश पटेल, उपाध्यक्ष तरुण गोलछा, प्रदेश सचिव सकुर खान, जिला सचिव उमर मेमन और युकां नेता सनी चोपड़ा शामिल रहे।*

# मादक पदार्थ, अवैध शराब एवं चाकूबाजी पर प्रभावी रोक लगाएं : अमरेश कुमार

- आईजी रायपुर रेंज ने जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश कुमार मिश्रा ने धमतरी जिले की कानून-व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक ली। बैठक में अपराध की समीक्षा के साथ-साथ पुलिस की कार्यक्षमता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। चाकूबाजी की घटना, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की बिक्री जैसे गंभीर मुद्दों पर ठोस दिशा-निर्देश दिए ।

आईजी श्री मिश्रा ने सभी राजपत्रित अधिकारियों को पर्यवेक्षण के कार्य में तेजी एवं एप्लीकेशन ऑफ माइंड का इस्तेमाल करते हुए पुलिसिंग के कार्य में नए आयाम स्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार, अवैध शराब, गांजा, मादक पदार्थों एवं नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठायेंगे। जिले में अपराध नियर कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में सभी स्तर के अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करना है। उन्होंने जिले में हो रही चाकूबाजी की घटनाओं पर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने, युवाओं में बढ़ती सूखे नशे की प्रवृत्ति पर विशेष नजर रखने तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने कहा। आगे कहा कि थाना स्तर से लेकर रेंज स्तर तक सभी अधिकारी-कर्मचारी आपसी समन्वय और टीमवर्क को प्राथमिकता दें। पुलिस बल का हर सदस्य अनुशासन का पालन करें। सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी स्वयं हेलमेट लगाएं और जनता को भी सड़क सुरक्षा हेतु प्रेरित करें।

देर रात तक चलने वाले होटल , ढाबे, दुकानें को समय पर बंद कराने, अड्डेबाजी के स्थानों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। गौ-तस्करी के मामलों एवं एनडीपीएस (एनडीपीएस) मामलों में वाहनों की राजसात की कार्यवाही की जाए। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार समेत सभी राजपत्रित अधिकारी, रक्षित निरीक्षक, सभी थाना चौकी प्रभारी व अन्य प्रभारी उपस्थित थे।

# प्रतिभागी और विजेता किए गए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर माकड़ी के मंडी प्रांगण में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मशाल जलाकर और भारतमाता की जय जयकार के साथ मशाल रैली निकालकर की गई।

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विधायक ने प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों की कलाकृतियों की सराहना की। रंगोली प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों और विजेताओं को सम्मानित किया गया। जनपद माकड़ी की अध्यक्ष जुगबती पोयम, माकड़ी सरपंच रुक्मणी पोयाम, दीपेश अरोरा, आकाश मेहता, संजू ग्वाल सहित सभी जनपद व जिला सदस्य, सरपंच, अधिकारी–कर्मचारी, समूह की महिलाएं, और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# रजत महोत्सव-2025: मर्दापाल में लगा महतारी मेगा हेल्थ कैम्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष 2025 के अंतर्गत 15 अगस्त से 29 अगस्त तक जिले में चल रहे अभियान कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मर्दापाल में महतारी मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का आयोजन जिला कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिसवाल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य कैम्प सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों और किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। एच.बी. टेस्ट और रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की गईं। महिला एवं बाल विकास विभाग, मर्दापाल से सुश्री बबीता और श्रीमती मनीषा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मर्दापाल के अधिकारी–कर्मचारी, मिशन शक्ति से उमेश कुमार मरापी और माधुरी उसेंडी, मिशन वात्सल्य से हेमन्त भीम सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पीएम श्री सेजेस और शासकीय आदर्श हायर सेकेंडरी ने मारी बाजी

# सड़क सुरक्षा पर वाद-विवाद, छात्रों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

- विजेताओं को मिला ईनाम, अधिकारियों ने नियमों के पालन पर दिया जोर

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर विकासखंड स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन फरसगांव के हाई स्कूल के किया गया। जिसमें पीएम श्री सेजेस फरसगांव की छात्राएं यशस्वी एवं साथियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं विपक्ष में शासकीय आदर्श हायर सेकेंडरी विद्यालय के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया प्रतियोगिता में विकासखंड की छ शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया।



कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम तारम ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया, एबीओ उदित सोनी ने वाहन दुर्घटना से बचने के लिए अपने कर्तव्य एवं नियमों का पालन करने बच्चों को प्रेरित किया। बीआरसी अशोक मरकाम ने बच्चों को लोगों को जागरूक करने कहा। इस दौरान संस्था के प्राचार्य महावीर जायसवाल के द्वारा दुर्घटना को कम करने के लिए बच्चों को और अधिक मंथन करने एवं उसे जिला में प्रस्तुत करने प्रोत्साहित किया। वाद विवाद के इस प्रतियोगिता के निर्णायक समिति में शिवकुमार साहू सुशीला नेता रितु मिश्रा पुलिस विभाग से आरक्षक बीना मांडवी ने पक्ष और विपक्ष में पांच पक्ष का समूह बनाकर उन्हें अपना विचार रखने का अवसर प्रदान किया।

## पेज 11 के शेष

### कांडा कंकालिन ...

ग्राम गुड़ी में सेवा अर्जी कर देव मिलन जात्रा आयोजित की गई। ग्राम प्रमुखों, पुजारी व सेवादारों द्वारा इस दौरान देवी से पारम्परिक नवाखाई त्यौहार मनाये जाने की अनुमति मांगी गई। इस दौरान अंचल के सैकड़ों ग्राम प्रमुख व ग्रामीण एकजुट देवी का आव्हान कर जात्रा मनाया। इस दौरान कई पंचायतों के प्रमुख व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। प्रमुख रूप से सोमारू माझी, केशबो, तिरथ चालकी, पटेल बिरनपाल जयराम नाग, शिवम कश्यप उप सरपंच बड़े मुरमा के अलावा सरपंच कवालीकला जुगधर, कोलावाड़ा हरिनाग, टोण्डापाल सलमू नाग, बिरनपाल जयराम नाग, सरगीपाल सोनधर नाग, शैलेन्द्र नेताम, अलनार श्रीमती श्रीमती उषा कमलोचन, पदमूर मानसाय नाग, काकरवाड़ा सुखमति धनसिंग नाग, जामावाड़ा रैदू नाग, उलनार पतिराम बघेल के अलावा अनंतराम, समदू, दयाराम, धरमू, शंकर, टेकचंद, संजय, दिलीप, राधे, बलचंद, भीमेन्द्र, ललीत नरेन्द्र आदि मौजूद थे।

### बाइक से गांजा तस्करी ...

रखा 1 पैकेट मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। आरोपिया के कब्जे से कुल 12.455 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 1 लाख 24 हजार रूपए, मोबाईल फोन व मोटर मोटर सायकल बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। वहीं फरार युवक की तलाश की जा रही है। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित की गई थी।

कार्रवाई में इनका रहा योगदान : कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एएसआई महेन्द्र ठाकुर महिला प्रधान आरक्षक पीलेश्वरी साहू, गणेश कोर्राम, आरक्षक चन्द्रकुमार कंवर, विक्रम उरांव, राधा कृष्ण राय व डीएसएफ आरक्षक विरेन्द्र ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### स्वच्छता अभियान के....

खत्म होते ही नगर के विभिन्न सड़क व गलियों में कचरों का अंबार जाम पड़ा देखा जा रहा है। कालोनियों की स्थिति तो और भी ज्यादा खराब है। कालोनियों का हैंडओवर निगम को होने के बाद भी महापौर अथवा आयुक्त कालोनियों की बुनियादी सुविधा साफ-सफाई का आज पर्यन्त निरीक्षण नहीं करने से सफाई व्यस्था पूरी तरह से ठप हो चुकी है। कालोनियों में चल रहे भवन निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार की लापरवाही का अंदाजा इस बात से लगा सकते है,कि भवन निर्माण की नींव खुदाई की मिट्टी सड़क के ऊपर जमा किया जा रहा है। नतीजा बारिश के दौरान पूरी मिट्टी कीचड़ में तब्दील होकर सड़क में फैलने से राहगीरों और दुपहिया वाहन चालकों को आने-जाने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी अघनपुर इसका जीता जागता उदाहरण है। सटी एक कालोनी के निर्माण के दौरान दर्जनों टिप्पर मलबा सड़क किनारे असुरक्षित ढंग से जाम कर कालोनीवासियों को परेशान करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है।

### शतरंज में रियांश ...

शतरंज संघ बस्तर के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने पहल करता आ रहा हैं । जिसका लाभ यहां के खिलाड़ियों को मिल रहाहै। रियांश की इस उपलब्धि पर जिला शतरंज संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सराहना करते उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# घाटकवाली में सामूहिक पहल से अतिक्रमित भूमि पर 1500 काजू पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक एकजुटता की मिसाल पेश करते हुए बस्तर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत घाटकवाली में ग्रामसभा के नेतृत्व में एक अनूठी पहल की गई। गांव के लोगों ने मिलकर लगभग 5 हेक्टेयर अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराया और वहां 1500 काजू पौधों का रोपण कर दिया। इस सामूहिक अभियान ने न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रखा है बल्कि ग्रामीणों को एकजुट होकर अपने गांव की बंजर पड़ी जमीन को पुनः जीवन देने की प्रेरणा भी दी है।

ग्राम पंचायत घाटकवाली में लगभग 350 मकान हैं। ग्राम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक घर से एक सदस्य पौधारोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएगा। तय किया गया कि हर व्यक्ति कम से कम 5 गड्ढे खोदेगा और 10 पौधे लगाएगा। इस कार्य की पारदर्शिता बनाए रखने और ग्रामीणों की भागीदारी को दर्ज करने



के लिए एक विशेष रजिस्टर भी तैयार किया गया है। इसमें गड्ढा खोदने वाले व्यक्ति का नाम और उसके हस्ताक्षर दर्ज किए जा रहे हैं। यह व्यवस्था ग्रामीणों के उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करने का एक प्रभावी माध्यम साबित हो रही है। समुदायिक वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने बताया कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए यह कदम बेहद आवश्यक था। उन्होंने कहा कि गांव की खाली पड़ी और अतिक्रमण की शिकार जमीन को बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि समय रहते ऐसी पहलें नहीं की जाएं तो आने वाली पीढ़ियों को उपजाऊ जमीन और हरियाली से वंचित होना पड़ेगा। ग्राम पंचायत की सरपंच तामेश्वरी कश्यप और ग्राम सभा अध्यक्ष महंती कश्यप ने भी इस अभियान को लेकर ग्रामीणों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि गांव में कई भूमि पर अब भी अवैध कब्जा है, जिन्हें वन विभाग और राजस्व विभाग की मदद से चिन्हांकित किया जा रहा है। भविष्य में उन भूमि पर भी पौधारोपण कर हरियाली फैलाने की योजना है। सरपंच ने यह भी कहा कि इस तरह की पहलें ग्रामीणों में आपसी सहयोग, जिम्मेदारी और सामूहिक श्रमदान की परंपरा को भी मजबूत करती हैं। ग्रामीणों का मानना है कि काजू पौधों के रोपण से आने वाले वर्षों में न केवल हरियाली बढ़ेगी बल्कि यह आर्थिक दृष्टि से भी गांव को लाभान्वित करेगा। काजू का व्यावसायिक महत्व है और पौधे तैयार होकर फल देने लगेंगे तो गांव की आमदनी में भी वृद्धि होगी। इस तरह यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी सार्थक कदम साबित होगा। ग्राम पंचायत घाटकवाली की यह पहल पूरे क्षेत्र में प्रेरणादायी उदाहरण बन गई है।

## खबर संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में कार्यशाला के लिए 5 टीचरों का चयन



**सुकमा/कोंटा।** गणित, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में क्षमता विकास के लिए आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में सुकमा ज़िले के 5 शिक्षकों का चयन हुआ है। यह पांच दिवसीय कार्यशाला आईआईटी जम्मू-कश्मीर में 2 सितंबर से आयोजित की जा रही है, जिसमें छत्तीसगढ़ के पीएमश्री विद्यालयों से शिक्षक एवं व्याख्याता शामिल होंगे। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागी शिक्षक विशेषज्ञ वैज्ञानिकों से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी देंगे। सुकमा जिले से चयनित शिक्षक हैं मीना साहू कोंटा, रजेमन कुजूर छिंदगढ़, गीता सोड़ी मुरतोंडा, लोकनाथ साहू सुकमा और उमेंद कुमार आदिले एराबोर। जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने बताया कि कार्यशाला से शिक्षकों के तकनीकी कौशल में वृद्धि होगी, जिसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा।

### सृजनात्मक व बौद्धिक विकास बढ़ाने विभिन्न कार्यक्रम हुए



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रजत महोत्सव अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, कांता मसराम द्वारा अवगत कराया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर रजत जयंती के अवसर पर बाल मेला के आयोजन पर विभिन्न प्रकार के खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अक्षर ज्ञान के साथ, बच्चों का मंनोरंजन गतिविधि किया जा रहा है, जिससे की बच्चों में आंगनबाड़ी के लिए रूचि बढ़े और बच्चों का सृजनात्मक विकास के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी हो इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर कार्यकर्ता के माध्यम से बच्चों को मिट्टी के खिलौना, गुड़िया, पत्थर से गिनती करना, हरी पत्ती को सजाना, तोरण बनाना, हाथ में कलर करना, फैंन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। इस दौरान समस्त सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा जानकारी दिया जा रहा है।

### जिला चिकित्सालय में मनाया गया 40वां नेत्रदान पखवाड़ा



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में 40वां नेत्रदान पखवाड़ा बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनसमुदाय को नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए नोडल अंधत्व निवारण कार्यक्रम के डॉ. रमाकांत ने बताया कि नेत्रदान से अंधत्व निवारण में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है और एक व्यक्ति की आंखों से दो व्यक्तियों को दृष्टि मिल सकती है। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों तथा नर्सिंग विद्यार्थियों ने नेत्रदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु शपथ दिलाई। रैली और गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया गया। नेत्र सहायक अधिकारियों ने बताया कि मृत्यु के बाद नेत्रदान करना सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से अपील की कि वे नेत्रदान की प्रतिज्ञा लें और समाज को प्रकाशमय बनाने में योगदान दें।

## जिले के शिक्षकों को करना पड़ रहा डेढ़ सौ किमी का सफर

# पीपीए की राशि आहरण करने में शिक्षा विभाग को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

स्कूल शिक्षा विभाग के पीएफएमएस खाताएं बैंक ऑफ बड़ौदा में होने तथा इसकी शाखा जिले में नहीं होने के कारण शिक्षकों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

■ जिले से बाहर दरभा में खाता होने से आ रही दिक्कत

कोंटा विकासखण्ड के सभी स्कूलों, संकूलों बीआरसी व बीईओ तथा जिला कार्यालयों को राशि आहरण में कठिनाईयां हो रही है। वर्तमान में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा दरभा जिला बस्तर में संचालित है। जिसके लिए सुदूर कोण्टा एवं सुकमा विकासखण्ड के अधिकांश विद्यालयों के शिक्षकों को एक लम्बी दूरी डेढ़ सौ किलोमीटर तय करनी पड़ रही है। ज्ञात हो कि राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छग रायपुर के निर्देशानुसार सुकमा जिले के शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित समस्त 1023 बैंक खातों स्कूलों संकूलों विकासखण्ड कार्यालयों एवं जिला कार्यालय के जीरो बैलेंस खाता बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा दरभा जिला बस्तर में खोला जा चुका है।

जिसमें उपलब्ध होने वाली राशि का आहरण करने के लिए शिक्षकों लम्बी दूरी तय कर जाना पड़ रहा है। वनांचल क्षेत्रों में सेवा दे रहे शिक्षकों सहित सभी स्कूलों को इसे प्राप्त करने पहले अपना खुद का पैसा खर्च करना पड़ रहा है। जो कि शिक्षा विभाग के लिए एक जटिल समस्या के रूप में देखा जा रहा है।

### पार्षद ने लिखा प्रभारी मंत्री को पत्र



स्कूल शिक्षा विभाग को मिलने वाली पीपीए राशि आहरण की गंभीर विषय को लेकर सुकमा नगर पालिका की पार्षद कांता राठी ने जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप को पत्र लिख कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन किया है। उन्होंने शिक्षा विभाग में पिछले कई वर्षों से 1000 से अधिक खातों का संचालन दूसरे जिले में होने को लेकर इस अव्यवस्था को दूर करने का निवेदन किया है। बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा दरभा में आहरण तथा संवितरण का कार्य करने में लगभग एक दिन का पूरा समय व्यतीत हो जाता है। पार्षद ने पत्र के माध्यम से बताया कि प्रबंध संचालक बैंक ऑफ बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर द्वारा पूर्व में राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छग रायपुर को सहमति दी गयी थी कि पीएफएमएस आबंटन के समय जिला मुख्यालय पर नवीन बैंक शाखा शीघ्र खोला जायेगा साथ ही शाखा नहीं खोलने की स्थिति में अन्य बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई जावेगी। किन्तु आज पर्यन्त न ही नवीन बैंक शाखा खोली गयी है और न ही अन्य बैंकिंग सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। मार्च क्लोजिंग के दौरान बैंक में आहरण व संवितरण का कार्य अधिक होने के कारण कुछ स्कूलों तथा छात्रावासों द्वारा निर्धारित समय पर जमा किये जाने के पश्चात भी पीपीए लेप्स हो चुके थे एवं स्कूलों का आहरण समय-सीमा समाप्त होने के कारण राशि संबंधित स्कूलों में वापस नहीं मिलने के कारण वित्तीय असूविधाओं का सामना करना पड़ा था। जिला मुख्यालय में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा नही होने के कारण शिक्षकों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है एवं शिक्षा की गुणवत्ता निर्माण वेतन तथा अन्य मदों के राशि आहरण व संवितरण का कार्य भी बहुत ज्यादा प्रभावित हो रहा है।

### धाकड़ समाज का नवा खानी सम्मेलन सितम्बर में



**बस्तर।** जगदलपुर के माता मावली मंदिर प्रांगण में धाकड़ समाज कल्याण समिति बस्तर की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने की, जिसमें उपाध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी, क्षेत्र अध्यक्ष और सचिव उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी नवा खानी सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी नरावण्ड क्षेत्र को सौंपी गई है। यह सम्मेलन आगामी 14 सितंबर को बकावण्ड ब्लाक के नारावण्ड क्षेत्र में प्रस्तावित है। बस्तर धाकड़ समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज के लोगों को एकजुट करना और समाज के विकास के लिए काम करना है। समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी और समाज के विकास के लिए रणनीति बनाई जाएगी। ठाकुर ने धाकड़ समाज कल्याण समिति के सदस्यों और स्वजातीय बंधुओं से आग्रह किया है कि वे आपसी मतभेद भुलाकर नवा खानी सम्मेलन जैसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लें।

## अंतरराष्ट्रीय सॉफ्टबॉल खिलाड़ी राकेश कड़ती होंगे सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद की स्मृति में मनाएं जाने वाला राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित होने वाले खेल अलंकरण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा बीजापुर जिले के सॉफ्टबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राकेश कड़ती को शहीद कौशल यादव अवार्ड से नवाजे जाएंगे। वहीं जूनियर सॉफ्टबॉल गर्ल्स टीम को मुख्यमंत्री ट्रॉफी से अलंकृत किया जाएगा।

गर्ल्स टीम में जिले से अकादमी की सॉफ्टबॉल खिलाड़ी रेणुका तेलम, चंद्रकला तेलम, विमला तेलम और मीनू आरकी शामिल है। सबसे खास बात यह है कि अब तक पूरे बस्तर संभाग से खेल के क्षेत्र में कभी भी राज्य स्तरीय अवॉर्ड से किसी भी खिलाड़ी को अलंकृत नहीं किया गया है यह पहली मर्तबा है की खेल के क्षेत्र में बीजापुर जिले से शुरुआत हुई है। अब तक राकेश कड़ती ने 12 नेशनल और दो इंटरनेशनल में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें उनके नेशनल में 6 मेडल है।

वहीं जूनियर टीम ने नेशनल प्रतियोगिता में सिल्वर पदक हासिल किया था जिसके तहत उन्हें मुख्यमंत्री ट्रॉफी से अलंकृत किया जाएगा बीजापुर जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है इस उपलब्धि हासिल करने पर जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे एवं प्रभारी खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल ने हार्दिक बधाइयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है उक्त जानकारी जिले के श्रम निरीक्षक एवं सॉफ्टबॉल के अंतरराष्ट्रीय कोच सोपान करनेवार ने दी है।

# केशलुर में आजीविका सेवा केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा




जनपद पंचायत तोकापाल केशलुर में नोडल आईएफसी नारंगी महिला क्लस्टर संगठन के अंतर्गत आजीविका सेवा केंद्र की स्थापना का भव्य उद्घाटन समारोह आज संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। यह केंद्र ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथाउन्हें आजीविका के नवीन साधनों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस परियोजना के अंतर्गत महिलाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण, विपणन सहयोग, वित्तीय साक्षरता तथा उत्पादों के विपणन हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक गोयल ने कहा यह केंद्र न केवल महिलाओं के लिए आर्थिक स्वतंत्रता का साधन बनेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में सामाजिक परिवर्तन का भी कारक होगा। यह पहल आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों, संगठन के सदस्यों एवं सहयोगी संस्थाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, चंद्रशेखर जोशी, जिला मंत्री बाबुल नाग, चंद्रकांत भंडारी सरपंच, सचिव, स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# एबीईओ ने बच्चों के बीच बैठकर जांची गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी



आज सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी द्वारा अपने सतत निरीक्षण के क्रम में संकुल बोडनपाल 2 के प्राथमिक व माध्यमिक शाला का गहन निरीक्षण किया गया।

प्राथमिक शाला में पदस्थ 2 टीचर में एक अवकाश पर पाए गए, बच्चों की गुणवत्ता की जांच की गई। स्तर आशा के अनुरूप नहीं पाया गया। स्थिति सुधारने उपस्थित शिक्षिका को निर्देशित किया गया। वही डेली डायरी में भी कमियां देखने को पाई गई, टीप द्वारा सुधार करने को कहा गया। भ्रमण के अगले क्रम में आमाबाल संकुल की प्राथमिक शाला चमईपारा में उपस्थित होकर गहन निरीक्षण किया गया। बच्चों की उपस्थिति आशा के अनुरूप न पाए जाने पर उपस्थित टीचर को फटकार लगाते हुए पालक सम्पर्क कर बच्चों को शाला में उपस्थित कराने निर्देशित किया गया। यहां भी एक शिक्षिका अवकाश पर पाई गई, मध्यान्ह भोजन व्यवस्थित पाई गई। शाला परिसर को व्यवस्थित करने निर्देशित भी किया गया। फिर मांडलापाल संकुल के माध्यमिक शाला में पहुंचकर कक्षा 8वीं में बच्चों की क्लास ली गई उनके द्वारा अंग्रेजी विषय से सम्बंधित जानकारी दी गई व सवाल भी पूछे गए। फिर इसी संकुल अंतर्गत दूरस्थ अंचल स्थित शाला प्राथमिक शाला मारीपारा चेराकुर बाइक द्वारा पहुंचमार्ग की दूरी तय कर उपस्थित हुए। यहां बच्चों द्वारा अपने बीच एबीईओ को देखकर काफी खुश नजर आ रहे थे। क्लास 1ली से 5वीं तक के बच्चे काफी एक्टिव नजर आए। पूछे गए सवालों का हाजिर जवाब सुनकर अधिकारी द्वारा पारितोषित भी किया गया।

बच्चों से रूबरू होकर घुल मिलकर अध्यापन भी करवाया गया। एक मित्रता के रूप में बच्चों के बीच समय व्यतीत करने को मिला। फिर वापसी में प्राथमिक शाला किवरामुण्डा का भी अवलोकन किया गया। बच्चों के बीच बैठकर गुणवत्ता की जांच किया गया। अध्यापकों की डेली डायरी का अवलोकन किया गया कुछ कमियां पाई गई जिसे सुधार करने निर्देशित निर्देशित।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास परियोजना भोपालपटनम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न प्रकार के जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत नगर में स्थित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं के द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया।

जिसमें बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेल गतिविधियों के माध्यम से अक्षर ज्ञान, बच्चों को सृजनात्मक गतिविधि के तहत चित्रकला, मिट्टी से खिलौना बनाना, तोरण लगाना व हाथ छपना की जानकारी दिया गया। प्रत्येक केंद्र से चयनित अभ्यर्थियों के लिए प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें एकल नृत्य, समूह नृत्य, कविता पाठ एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पालकगण, परियोजना भोपालपटनम नगर क्षेत्र के कार्यकर्ता, सेक्टर सुपरवाइजर प्रीति मानिकपुरी, अर्चना वासम, विजय लक्ष्मी शुक्ला, ई कविता, ईमला व धनवती मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में पालक उषा ध्रुव के हाथों से पारितोषिक वितरण किया गया।

### सांस्कृतिक व साहित्यिक उत्सव का आयोजन



**सुकमा।** रजत महोत्सव के अवसर पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय ईएमआरएस सुकमा में जिला स्तरीय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक उत्सव तथा कला उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से की गई। मुख्य अतिथि सीईओ जिला पंचायत मुकुन्द ठाकुर का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार ने किया। विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जनजातीय लोकनृत्य, वोकल म्यूजिक, वाद्य संगीत, नाटक, चित्रकला, क्विज, स्पेल बी और रचनात्मक लेखन प्रतियोगिताएँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके साथ ही विजुअल आर्ट्स की प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि जिला सीईओ ठाकुर ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने, कला एवं संस्कृति को महत्व देने, बड़े सपने देखने और निरंतर प्रयासरत रहने की सीख दी। इस भव्य उत्सव में सुकमा, छिंदगढ एवं कोंटा के तीन ईएमआरएस विद्यालयों से कुल 202 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# वुमन फॉर ट्री अभियान का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



राज्य शासन के निर्देश में पूरे राज्य में पौधरोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। जिसके तत्वाधान में राज्य में यह केम्पन वुमन फॉर ट्री अंतर्गत किया जा रहा है। राज्य द्वारा बड़े बचेली नगर पालिका को 600 वृक्ष रोपित करने हेतु लक्ष्य मिला है। नगर पालिका द्वारा इस कार्य हेतु भूमि चिन्हकन किया गया है, जिनमें कृष्ण कुंज एवं ट्रांसपोर्ट नगर है। इन स्थानों पर पौधरोपण हेतु स्व सहायता समूहों को 1 वर्ष हेतु संचालक संधारण कार्य हेतु प्रदाय किया गया है। वुमन फॉर ट्री केम्पन का शुभारंभ नगर अध्यक्ष राजू जायसवाल द्वारा किया गया। आज चयनित स्थानों में 150-150 कुल 300 छायादार व फलदार पौधे रोपित किए गए। यह पौधे वन विभाग द्वारा प्रदाय किया गया। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचन्दनी, पार्षद विलाशीनी नाग, झिलकी, धनसिंग नाग, दीपक सरकार, श्यामलाल सेठिया एवं नगर पालिका कर्मचारी अधिकारी व स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# विधायक ने किया आदिवासी सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत निर्मित आदिवासी सामुदायिक भवन का लोकार्पण आज बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल द्वारा किया गया।

लगभग 8 लाख रुपए की लागत से तैयार इस नवनिर्मित भवन का उद्देश्य आदिवासी समाज को सामुदायिक कार्यक्रमों, बैठकों एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक सुव्यवस्थित स्थल उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बस्तर अंचल की समृद्ध आदिवासी परंपराओं और सामाजिक एकजुटता को सुदृढ़ करने हेतु शासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सामुदायिक भवन न केवल समाज के लिए सुविधाजनक स्थल साबित होगा, बल्कि यहां युवा पीढ़ी को सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का भी अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं माता बहनें उपस्थित रहे। सभी ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भवन समाज के लिए एक नई पहचान बनेगा और आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ पहुंचाएगा। छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित डीएमएफटी योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत मालगांव में बुनियादी सुविधाओं के विकास को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी कड़ी में हॉस्पिटल से 350 मीटर लंबे सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक लखेश्वर बघेल के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस सड़क निर्माण कार्य के लिए शासन द्वारा 11.95 लाख रुपये की स्वीकृति राशि प्रदाय की गई है सड़क निर्माण से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, वहीं अस्पताल तक पहुंचने में ग्रामीणों को होने वाली कठिनाइयों का समाधान भी होगा।

भूमिपूजन अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण उनकी प्राथमिकता है डीएमएफटी निधि का उपयोग क्षेत्र के विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचना को मजबूत करने में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क के निर्माण से न केवल लोगों का आवागमन सरल होगा बल्कि ग्राम के समग्र विकास में भी यह महत्वपूर्ण साबित होगा।

इस दौरान तुलाराम सेठिया, कार्तिक कश्यप, कमला बाई, झूमुक, जयदेव कश्यप, सरपंच लक्ष्मी गोयल, जनपद सदस्य गजेंद्र ठाकुर, उपसरपंच हेमलता ठाकुर, तुलसीराम ठाकुर लखेश्वर कश्यप, पूर्व सरपंच घरम गोयल, डमरूधर बघेल, जगमोहन बघेल, लल्लू राम बघेल, उदय नाथ ठाकुर कुस्नु गोयल, विमल बघेल, फुलमती कश्यप, डाकेश्वरी कश्यप, जोगेश्वर ठाकुर, गदाधर ठाकुर मोनो राम कश्यप, समाज अध्यक्ष तुलसी राम भद्रे, तुला राम कश्यप, नम्रता कश्यप भोगबती ठाकुर, राजेश कुमार, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

**न्यायालय तहसीलदार करपावण्ड जिला बस्तर**

रा.प्र.क्र. 202505150100016/81/अ-21(2)/2024-25

**// ईश्तहार //**

इस ईश्तहार के जरिए आम जनता ग्राम पाहुरवेल को सूचित किया जाता है कि आवेदिका (विक्रेता) श्रीमती पूर्णिमा पिद्दा पति पुरुषोतम पिद्दा जाति ठेठवार निवासी ग्राम कांकेर, तहसील चारामा जिला कांकेर (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम पाहुरवेल प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. करपावंड तहसील करपावंड जिला बस्तर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 247/3 रकबा 0.0400 हे. या परिवर्तित क्षेत्रफल 4305 वर्गफुट भूमि को (क्रेता) श्रीमती लक्ष्मीबाई दास पति श्री खुषीराम दास जाति पनका, निवासी ग्राम पाटसेंद्री, तहसील सरायपाली, जिला महासमुंद (छ.ग.) के पक्ष में अंतरण किये जाने हेतु अनुमति विषयक आवेदन मय दस्तावेज न्यायालय कलेक्टर महोदय जगदलपुर, जिला बस्तर के समक्ष आवेदन पेश किया है। जों जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदिका श्रीमती पूर्णिमा पिद्दा पति पुरुषोतम पिद्दा जाति ठेठवार निवासी ग्राम कांकेर, तहसील चारामा जिला कांकेर (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम पाहुरवेल स्थित भूमि ख.नं. 247/3 रकबा 0.0400 हे. को श्रीमती लक्ष्मीबाई दास पति श्री खुषीराम दास जाति पनका, निवासी ग्राम पाटसेंद्री, तहसील सरायपाली, जिला महासमुंद (छ.ग.) के पक्ष में अंतरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो इस न्यायालय के नियत तिथि दिनांक 21-07-2025 तक अपना आवेदन पत्र स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त अभ्यावेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 07-07-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार,
करपावण्ड जिला बस्तर

समक्षः श्रीमान नोटरी महोदय दंतेवाड़ा जिला द.ब. दंतेवाड़ा छ.ग.

**शपथपत्र**

मैं श्रीमती शीबा विजय ( Sheeba Vijay) पति श्री विजय कुमार विध्यासागर (Vijay Kumar Vidhyasagar) उम्र 49 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 09 किरन्दुल तह. बड़े-बचेली जिला-दन्तेवाड़ा छ.ग. की शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूँ -

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर रहती एवं निवास करती हूं। 2. यह कि मेरा आधार कार्ड नम्बर 2118 9503 0705 है। 3. यह कि मेरा विवाह दिनांक 19/05/1996 को श्री विजय कुमार विध्यासागर पिता स्व० विद्यासागर निवासी वार्ड क्रमांक 09 किरन्दुल तह. बड़े-बचेली जिला - दन्तेवाड़ा छ.ग. के साथ किरन्दुल में सामाजिक रिति-रिवाज के अनुसार हुआ है। 4. यह कि विवाह के पूर्व मेरा नाम एवं उपनाम पिता के उपनामानुसार शीबा कुमारी एस (Sheeba Kumari S) पिता गंगाधरन (Gangadharan) निवासी Chakalamurigol South Mankuzhy, Pullikkanakku P.O. Alapuzha Kerala रहा है तथा मेरे समस्त शैक्षणिक अभिलेखो में भी मेरा यही नाम अंकित है । 5. यह कि विवाह के बाद से मेरा नाम एवं उपनाम पति के उपनामानुसार श्रीमती शीबा विजय (Sheeba Vijay) पति श्री विजय कुमार विध्यासागर (Vijay Kumar Vidhyasagar) निवासी वार्ड क्रमांक 09 किरन्दुल तह. बड़े-बचेली जिला- दन्तेवाड़ा छ.ग. तथा मेरे आधार कार्ड में भी मेरा यही नाम अंकित है अब मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाता है जो सत्य एवं सहीं हैं। 6. यह कि उक्त शपथ पत्र का निष्पादन अपने विवाह पूर्व अपना नाम व पता शीबा कुमारी एस (Sheeba Kumari S) पिता गंगाधरण (Gangadharan) निवासी Chakalamurigol South Mankuzhy, Pullikkanakku P.O. Alapuzha Kerala के स्थान पर वर्तमान नाम व पता श्रीमती शीबा विजय ( Sheeba Vijay) पति श्री विजय कुमार विध्यासागर (Vijay Kumar (Vidhyasagar) निवासी वार्ड क्रमांक 09 किरन्दुल तह. बड़े-बचेली जिला-दन्तेवाड़ा छ.ग. होने के समर्थन में प्रस्तुत में प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं श्रीमती शीबा विजय ( Sheeba Vijay) पति श्री विजय कुमार विध्यासागर (Vijay Kumar Vidhyasagar) उम्र 49 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 09 किरन्दुल तह. बड़े-बचेली जिला- दन्तेवाड़ा छ.ग. की सत्यनिष्ठापूर्वक घोषणा करती हूं कि उपरोक्त शपथपत्र कि कंडिका 01 से 06 तक की जानकारी मेरे निजी ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य एवं सहीं हैं, मै आज दिनांक 25/08/2025 को सत्यापित कर अपना हस्ताक्षर किया।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### अवंतिका और बोधघाट में हुआ पौधारोपण



**जगदलपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अवंतिका कॉलोनी और बोधघाट एयरपोर्ट रोड में सांसद महेश कश्यप , विधायक किरण सिह देव तथा महापौर संजय पांडे की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ति तीन परिवारों को 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। तहसील दरभा ग्राम चितापुर निवासी सुकमती की सर्पदंश से पति रामू को, तहसील दरभा ग्राम कोलेंग निवासी दशरू नागेश की मृत्यु सर्पदंश से पत्नी हिरेयो नागेश को तथा तहसील दरभा ग्राम तोयनार निवासी बुधराम मड़कामी की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि मासे मड़कामी प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### दोरनापाल तहसील कार्यालय में आधार सेवा केंद्र की शुरुआत



**सुकमा।** नागरिक सुविधाओं को सुलभ बनाने के लिए दोरनापाल तहसील कार्यालय में आधार सेवा केंद्र प्रारम्भ किया गया है। यहाँ नए आधार पंजीयन के साथ ही आधार अपडेट, मोबाइल नंबर अपडेट तथा बायोमेट्रिक अपडेट जैसी सभी सेवाएँ उपलब्ध होंगी। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब क्षेत्र के नागरिकों को आधार संबंधी कार्यों के लिए अन्यत्र भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। सभी इच्छुक व्यक्ति सीधे तहसील कार्यालय, दोरनापाल स्थित आधार सेवा केंद्र से संपर्क कर आधार सेवा केंद्र का लाभ उठा सकते हैं।

### जिले में 54 नए आंगनबाड़ी केंद्रों को मिली स्वीकृति

**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य और पोषण सुधार की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए जिले में 54 नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्वीकृति प्रदान की है। इन केंद्रों का उद्देश्य 0 से 3 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पौष्टिक भोजन और प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराना है, साथ ही गर्भवती व धात्री महिलाओं को भी संतुलित आहार और स्वास्थ्य परामर्श मिल सकेगा। नए आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को सुरक्षित माहौल में पोषणयुक्त आहार, स्वास्थ्य निगरानी और प्रारंभिक शिक्षा प्रदान की जाएगी, जिससे उनके शारीरिक व मानसिक विकास की मजबूत नींव रखी जा सके। प्रशासन का मानना है कि शुरुआती उम्र में दिया गया सही पोषण और शिक्षा बच्चों के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभाता है। गर्भवती और धात्री महिलाओं के लिए भी यह पहल बेहद उपयोगी साबित होगी।

# पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण जरूरी : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में पर्यावरणीय चुनितियां एवं हमारा कर्तव्य विषय पर सोमवार को एक दिवसीय कार्यशाला हुई। जिसमें कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य वक्ता के रूप में सहसंयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राकेश जैन, विभाग प्रचारक मध्य बस्तर यज्ञ सिंह, अक्षय अलकरी प्रांत संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्यवयक डॉ सजीवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में मां सरस्वती की पूजा अर्चना व स्वामी विवेकानंद की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य

## विश्वविद्यालय में पर्यावरणीय चुनौतियां एवं हमारा कर्तव्य पर हुई कार्याशाला




### बच्चों को दी गई पर्यावरण संरक्षण की जानकारी

राकेश जैन ने कहा कि मनुष्य बिना भोजन के कितने दिन जीवित रह सकता है,कितने दिन बिना पानी पिए जीवित रह सकता है,और कितना समय तक बिना हवा के जीवित रह सकता है। इस प्रकार रोचक प्रश्नों के द्वारा कार्यशाला को विशेष बना दिया। इस अवसर पर पर्यावरण गीत धरती को रखना हरा भरा गीत के माध्यम से सभी बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी प्रदान किया गया।

अतिथि कुलपति ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। आज पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग,वायु प्रदूषण,मृदा प्रदूषण, जल प्रदूषण हो रहे हैं। जिससे हमें दूर करने के लिए हमारे पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधरोपण करना होगा। जिससे हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है। ग्लोबल वार्मिंग को कम करना है। अपने पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं। बस्तर में 44 प्रतिशत वन क्षेत्र है। कार्यक्रम का संचालन डॉ भुनेश्वर लाल साहू ने किया। इस अवसर पर प्रो एम एस मिश्रा विभागाध्यक्ष कला संकाय, डॉ देवेंद्र यादव, डॉ संजय पांडे, डॉ भारती वर्मा, डॉ गौरी देवांगन, देवेंद्र दुग्गे, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के द्वारा किया गया।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का हाल जिले में 9 दिन चले अढ़ाई कोस जैसी

# 9 महीने में शुरू नहीं हुआ काम अब 2 माह बढ़ाने पर कैसे बनेगी 9 किलोमीटर सड़क

सुरेश रावल ▸▸| जगदलपुर

बस्तर जिले में संभाग मुख्यालय से महज 35 किलोमीटर दूर करपावण्ड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का हाल कछुआ गति से चल रहा हैं। 9 किलोमीटर सड़क 9 महिने में शुरू नहीं हो पाया हैं। 2 महिने पहले यहां पदस्थ कार्यपालन अभियंता राहुल चंद्राकर तबादले पर दूसरे शहर चले गए। लेकिन करपावण्ड में विभाग का जो बोर्ड लगा है उसमें उनका ही नाम लिखा हुआ हैं। जाने से पहले उन्होंने केवल बोर्ड ही लगाया है लेकिन सड़क निर्माण कार्य का श्री गणेश नहीं किया हैं। कार्य प्रारंभ करने की तिथि 11 दिसंबर 2024 बोर्ड में लिखा गया है । जिसे जून 2025 तक पूरा करना था। समयावधि पूरी हो गई लेकिन सड़क में गिट्टी, डामर का काम थोड़ा बहुत भी नहीं हुआ हैं। 2 महिना ऊपर हो गया लेकिन करपावण्ड से संघकरमरी तक 9.30 किलोमीटर का यह सड़क कब शुरू होगा इसका कोई अता पता नहीं है। थाना करपावण्ड के बगल में ही लगा बोर्ड यह बता रहा है कि इस इलाके के जनप्रतिनिधि कितने निष्क्रिय और जनविरोधी हैं सबकी बोलती बंद हैं । वहीं जनता को भी विकास कार्यो से कोई लेना देना नहीं। रोजाना करपावण्ड थाना में जनप्रतिनिधिओं और नागरिकों का आना लगा रहता है। किंतु इस सड़क के बारे में किसी को कोई मतलब नहीं है।

सरकार से लगभग 2 करोड़ की राशि स्वीकृत हो गई है किंतु काम शुरू क्यों नहीं हुआ । संघकरमरी के पूर्व सरपंच जो जोगी कांग्रेस से भाजपा में आए है वे पिछला विधानसभा चुनाव लड़ चूके हैं। सोनसाय कश्यप ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि 4 दिन पहले बोर्ड में तारिख बदलकर कार्य पूर्ण होने की तिथि 26 अक्टूबर 2025 किया गया है। वहीं निर्माण की लागत जो पहले 280 लाख थी उसे अब 184.50 लाख किया गया है। अब 2 महिने बचे है इसमें काम किस रफतार से होगा यह समझ से परे हैं। जबकि सड़क की गुणवत्ता में गारंटी अवधि 5 साल की है।

## तबादले में चले गए इंजीनियर अब नए साहब पर काम शुरू करने की जिम्मेदारी

अलग खबर

### न नक्सल क्षेत्र न ही श्रमिक समस्या

आमतौर पर बस्तर में अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित इलाकों में ही निर्माण कार्य में देरी और समय पर काम शुरू नहीं होने की समस्या आती है। लेकिन करपावण्ड क्षेत्र का पूरा इलाका सामान्य क्षेत्र है। ओड़सि सीमा करपावण्ड से आगे कोलावल और कोसागुमडा से शुरू होती है जहां कभी भी नक्सलियों का प्रभाव नहीं रहा हैं। इसके बावजूद 9 महिने तक काम का ठंडे बस्ते में पड़ा रहने से जनप्रतिनिधि और लोगों में नाराजगी है।






### बारिश के चलते काम में देरी

पिछले साल दिसंबर में काम आरंभ हुआ था जो आज तक शुरू नहीं हुआ है। यह सही है लेकिन बारिश में काम प्रभावित हुआ है। 26 अक्टूबर तक काम पूरा करने की अंतिम तिथि है । जिसके लिए ठेकेदार को कहा जाएगा। शुरूआत में बोर्ड लगाने के समय थोड़ा बहुत राशि खर्च हुआ है लेकिन ठेकेदार को राशि का भुगतान एडवांस में नही किया गया है।

**धनंजय देवांगन,** कार्यपालन अभियंता पीएमजीएसवाय बस्तर

### पेंटर ने बोर्ड में तारिख और लागत गलत लिखा

कार्य पूर्ण होने की तिथि और लागत की रकम में अभी सुधार किया गया है। जब बोर्ड तैयार किया गया था उस समय पेंटर ने गलत लिख दिया था। अब उसे मिटाकर जो राशि और तिथि सुधारा गया है वह सही है। 9 महिने तक काम शुरू नहीं हुआ यह भी सही है। जिसमें बारिश एवं अन्य कारण है। मेरे कार्यकाल का काम है। जिसमें ठेकेदार को कोई राशि नहीं दिया गया है।

**राहुल चंद्राकर,** पूर्व कार्यपालन अभियंता पीएमजीएसवाय बस्तर

# जहां समस्याएं ज्यादा वहां होगा विधायक कार्यालय का घेराव : नवनीत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक तीन सूत्रीय बिंदुओं को लेकर संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद की अध्यक्षता में हुई। बस्तर के तीनों विधानसभा के पदाधिकारी

- बैठक में जिले के 3 विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता रहे मौजूद

एवं कार्यकतार्ओं की उपस्थिति में विधायकों के वादों की समीक्षा, असंतुष्ट अवस्था में संबंधित विधायक कार्यालय के साथ विभागों का घेराव,संगठन विस्तार जैसे विषय पर गंभीर चर्चा हुई। वहीं कार्य की रुपरेखा तय की गई।

जारी बयान में नवनीत ने बताया कि बैठक में तीनों विधानसभा क्षेत्र में विधायकों ने अपने वादों के हिसाब से कितना कार्य किया। कितनी समस्याएं हैं उसकी समीक्षा की गई। विधानसभा क्षेत्र में सभी विभागों की भूमिका और कार्यों की समीक्षा की गई। उसके बाद यह फैसला लिया गया कि जिस विधानसभा क्षेत्र में विधायक जनता के प्रति खरे साबित नहीं हुए और जनता के सामने समस्याएं हैं वहां विधायक कार्यालय का घेराव करेंगे। नवनीत ने बताया कि विभाग जनता के सहयोग के लिए हैं । समस्याओं के प्रति उदासीन विभागों का भी घेराव करेंगे। चांद ने बताया कि जनता के प्रति जवाबदेही जरूरी है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बैलाडीला लौह अयस्क खान, बचेली कॉम्पलेक्स द्वारा एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अन्तर्गत पौधरोपण कार्यक्रम वन विभाग के सहयोग से सम्पन्न हुआ। अभियान के अन्तर्गत बैलाडीला लौह अयस्क खान, बचेली कॉम्प्लेक्स द्वारा 10000 पौधो का रोपण वन विभाग के सहयोग से किया जायेगा। पौधरोपण स्थल का नाम मातृ वन रखा हैं। पौधरोपण करने के लिए टी. शिवा कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) द्वारा नारियल का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तपश्चात पी. रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक (कार्य) ने भी नारियल का पौधा लगाया तदोपरांत कार्यक्रम में उपस्थित सभी विभागो के विभागाध्यक्ष जी. घोराई, महाप्रबंधक (यांत्रिकी), एच.के. गुनाबट, महाप्रबंधक (विद्युत), एस.एम.जगदीश्वर, उप महाप्रबंधक (खनन), के.पी. बन्सोड़, उप महाप्रबंधक (नागरिक), सी.एस. रेड्डी, उप महाप्रबंधक (सामाग्री), बी.वी. सत्यानारायणा, उप महाप्रबंधक (अनुबंध), अनिरूद्ध कुमार, विभागाध्यक्ष (प्र.सु.एवं.पर्या.), मनोज कुमार सेठठी, उप महाप्रबंधक (सी एण्ड आईटी), संजय सरकार, उप महाप्रबंधक (यांत्रिकी), अरविंद कुमार कुरील, उप महाप्रबंधक (खनन), एम. मलीक कुरैशी, सहायक महाप्रबंधक (खनन), अमीश चन्नावर, सहायक महाप्रबंधक (खनन), विभिन्न युनियन के पदाधिकारीगण जागेश्वर प्रसाद, अध्यक्ष (एसकेएमएस), चन्द्र कुमार मण्डावी, अध्यक्ष (एमएमडब्ल्यू) एवं आशीष यादव, सचिव (एमएमडब्ल्यू), वन विभाग से आशुतोष मण्डावा, वन परिक्षेत्र अधिकारी, बचेली, भानु शंकर, उप वन परिक्षेत्र अधिकारी, राजेश कर्मा, बीट अधिकारी एवं सरपंच पटेल पारा ने पौधा रोपित किये।






### मनोकामना पदयात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु

**जगदलपुर।** संतोषी वार्ड कुम्हारपारा में स्थित बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण में भादवा मेला का आयोजन किया जा रहा है जो 25 अगस्त से 3 सितंबर तक होगा। अभिषेक आज प्रातः 9:30 बजे से हुआ। मनोकामना पदयात्रा दंतेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर बाबा रामदेव प्रांगण तक हुई। भिलाई के सुप्रसिद्ध गायक रविराज तिवारी एवं आयुषी शुक्ला बिलासपुर के श्रीमुख से भव्य जम्मा जागरण 2 सितंबर को रात्रि 9:30 बजे से मंदिर परिसर में होगा । 3 सितंबर को शोभा यात्रा प्रातः 9:30 बजे मंदिर प्रांगण से शहिद पार्क चौक, हनुमान मंदिर चौक, दंतेश्वरी मंदिर चौक, गोल बाजार होते हुए मेन रोड शहिद पार्क चौक बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण तक आरती (मंदिर में) एवं महाप्रसादी 3 सितंबर समय दोपहर 1:30 बजे से मंदिर परिसर में होगा।

खाद्य नियंत्रक ने कहा सभी जगह पहुंच गया स्टॉक

# मशीन में गड़बड़ी के कारण कई खाताधारकों को नहीं मिला राशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर


कार्डधारियों का ई पास मशीन से नहीं खुल रहा वितरण का ऑप्शन
बीपीएल परिवारों का दाना-पानी बंद राशन दुकानों से नहीं मिल रहा चावल

खबर का असर

शहर के अनेक राशन दुकानदारों ने चर्चा में बताया कि जून माह में एक साथ तीन माह का अन्त्योदय, प्राथमिकता कार्डधारकों को चावल वितरण किया गया। लेकिन आज भी सैकड़ों कार्डधारक है,जो वितरण के दौरान किसी कार्य से घर से दूर थे,उन्हें आज भी चावल नही मिला है। छत्रपति शिवाजी वार्ड में 650 बीपीएल कार्डधारकों में 130 अन्त्योदय और 520 प्राथमिकता कार्डधारी में 8 से 10 कार्डधारी चांवल वितरण के दौरान शहर से बाहर थे, जब वापस आये तो जून माह का चांवल पास मशीन में वितरण ऑप्शन नही दिखाने से उन्हें चांवल से वंचित होना पड़ा।

इस संबंध में खबर प्रकाशित होने के बाद खाद्य विभाग हरकत में आया और राशन दुकानों में चावल पहुंचाने और वितरण की स्थिति पर सक्रिय हुआ। खाद्य नियंत्रक ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि मशीन में खराबी के कारण एपीएल और बीपीएल के कई लोगों को चावल नहीं मिल पाया लेकिन स्टॉक सभी जगह पहुंच गया है।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत निकाली गई साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं ई-4 सिग्नल बटालियन के अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा सोमवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान सैयद मोहम्मद हबीब असगर पुलिस उप महानिरीक्षक ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उददेश्य देश की एकता, अखण्डता और सांस्कृतिक विधिता में एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था।



साइकिल रैली में दिनेश कुमार सिंह, द्वि.कमा. अधिकारी, अमरजीत कुमार गुप्ता, उप. कमाण्डेन्ट एवं एन्टोनी एन. सहायक कमाण्डेन्ट एवं जवानों सहित लगभग 40 लोगो ने रैली में भाग लिया। साइकिल रैली ने दलपत सागर, संजय मार्केट, गोल बाजार और दंतेश्वरी मंदिर तक का दौरा किया।

इस अवसर पर दिनेश कुमार सिंह, द्वि.कमा. अधिकारी, रेंज ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान राष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और विविधताओं को एक सूत्र में पिरोने का प्रतीक है। साइकिल रैली जैसे आयोजनों से देश के युवाओं और नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, भाईचारे और फिटनेस के प्रति जागरूकता का संदेश प्रसारित होता है। रैली के दौरान सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्र की एकता और सदभावना को प्रोत्साहित करने वाले वाले नारों के माध्यम से जन-जागरूकता फैलाने का कार्य किया।

# पौधारोपण करने के साथ उसका संर्वधन व संरक्षण करना हमारा दायित्व : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

एक पेड़ मां के नाम के तहत आज शहर के पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड तथा करकापाल मार्ग में सांसद महेश कश्यप एवं विधायक किरण देव के

- एक पेड़ मां के नाम के तहत सांसद एवं विधायक ने किया पौधरोपण

द्वारा पौधरोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम के तहत करकापाल सड़क के दोनों तरफ 800 पौधे व पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड में 50 पौधे का रोपण किया जा रहा है।

सांसद ने कहा पौधरोपण करने के साथ उसका संर्वधन व संरक्षण करना हमारा दायित्व है। पौधरोपण करने के साथ ही उस पौधे का रक्षा करना है। आज विश्व ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रहा है उसे बचाने में वृक्ष का होना आवश्यक है। पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्धन करना हमारा कर्तव्य है। वहीं विधायक ने कहा वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन करने का समय है। हम सभी को मिलकर प्रकृति को बचाने में पहल करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधे लगाये जा रहे हैं। जिसके फलस्वरूप हमारे छत्तीसगढ़ में वृहद रूप से पौधरोपण किया जा रहा है। पौधरोपण के साथ उस पौधे का देखभाल करने की हमारी जिम्मेदारी है। पर्यावरण को संतुलित करने में वृक्ष का होना आवश्यक है। महापौर संजय पांडे ने भी पौधरोपण पर अपनी बात रखी।



इस दौरान नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, वार्ड पार्षद योगेन्द्र पांडे, निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह, लक्ष्मण झा, नरसिंह राव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, डीएफओ उत्तम गुप्ता, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# राजधानी सहित पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



- अपराध रोकने पुलिस हो रही नाकाम

कांग्रेस नेता अनवर खान ने जारी बयान में कहा कि आए दिन हो रही हत्याएं, चाकूबाजी, लूट से प्रदेश में आमजनों के बीच डर का वातावरण है। प्रदेश में बढ़ रहे अपराधिक गतिविधियों व घटनाओं से राजधानी में भय का माहौल है। हत्या और चाकूबाजी की घटनाएं अब आम हो चुकी है इस पर नियंत्रण करने में सरकार असफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। रोज हो रहे सामूहिक दुष्कर्म की घटनाओं से प्रदेश शर्मसार है और महिलाएं व बच्चियां असुरक्षित है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा भाजपा के चाल व चरित्र को उजागर कर रहा है। सरकारी तंत्र फेलियर साबित हो रही है। प्रदेश में इतनी अराजक माहौल 25 सालों में कभी नहीं था।

### भाजपा कर रही चुनाव आयोग का बचाव

अनवर खान ने कहा कि चुनाव आयोग का बचाव करने भाजपा क्यों सामने आ रही है। वोट चोरी में भाजपा को लाभ हुआ है इसलिये चुनाव आयोग का बचाव कर रहे है। कांग्रेस पूरे देश में स्वच्छ मतदाता सूची बनवाने के लिए कृत संकल्पित है।

